सामूहिक/वृहत टीकाकरण कार्यक्रम

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा जनजाति कल्याण केन्द्र महाकौशल, बरगाँव शहपुरा जिला डिण्डोरी के तत्वाधान में बरगाँव शहपुरा के 35 गाँवों में वृहत स्तर पर मवेशियों का गलघोटूँ बीमारी का टीकाकरण किया गया। जैसा की सभी को ज्ञात है गलघोटूँ बीमारी एक संक्रामक बीमारी है जो की बीमार पशु के उपयोग किए हुए चारे/दूषित चारे/लार व श्वास द्वारा अन्य पशुओं में बड़ी तीव्रता से फैलती है यह रोग मुख्यतः मानसून में फैलता है जिसमें तेज बुखार, श्वास लेने में कठिनाई व मवशियों के गले में सूजन आ जाती है इस रोग में 80% तक मृत्युदर देखी गई है अतः यह बहुत जरूरी है की मानसून से पहले पशुधन में इसका टीकाकरण अवश्य किया जाए।

इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए संघ प्रचारक श्री लाल बिहारी जी व डॉ. एस.के. बाजपेयी के द्वारा महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. आर.पी.एस. बघेल से सम्पर्क कर वृहत टीकाकरण कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इस प्रकार बरगाँव शहपुरा के 25 गाँवों में 31 दलों के 142 सदस्यों द्वारा लगभग 6136 पशुओं का टीकाकरण एवं 301 पशुओं का निःशुल्क उपचार सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, म.प्र. के डॉ. संगीता बाजपेयी, डॉ. अनुकूल पाठक, डॉ. सतवंत सिंह बघेल, डॉ. नवल सिंह कुलस्ते, मनमोहन लाल साहू जी, जामसिंह जी, सतीश चौबे जी एवं महाविद्यालय के अधिकारी डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. सत्यनिधि शुक्ला, डॉ. गौतम, डॉ. डी.के. गुप्ता, डॉ. आर.पी.सिंह, डॉ. गौतम, डॉ. रूचि सिंह, डॉ. अर्पणा रैकवार, डॉ. सोना दुबे, डॉ. अंकुर खरे, डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ. संजय शुक्ला, डॉ. आनंद जैन, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. अजय राय, डॉ. के.पी.सैनी एवं विजय चौकसे ने कार्यक्रम के संचालन व सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम में लगभग 120 छात्र–छात्राओं ने टीकाकरण के बारे में प्रक्टिकल ज्ञान अर्जन किया व अपना योगदान दिया।

(डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव)
जनसंपर्क एवं सूचना अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर